प्राचार्य का कार्यालय, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुज0

ज्ञापांक--------------/   मुज0, दिनांक------------/

कार्यालय आदेश

इस संस्थान के सभी कोटि के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को संसूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2021–22 में अपने–अपने वेतनादि से प्राप्त आय पर लगने वाले आयकर की राशि गणना करते हुए पूर्ण विवरणी तथा आयकर के विभिन्न धारायों के अन्तर्गत मिलने वाले आयकर राहत छूट से संबंधित कागजातों की छाया प्रति के साथ इस कार्यालय के लेखा शाखा को दिनांक 01.03.2022 तक निश्चित रूप से हस्तगत करा दें, ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सकें। निर्धारित तिथि तक मॉगे गये कागजात नहीं देने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के संबंध में प्राप्त वेतनादि से अनुमान आयकर की राशि की गणना करते हुए वर्णित राशि माह फरवरी 2022 के वेतनादि से कटौति करते हुए भुगतान कर दिया जायेगा ।

अपने–अपने वेतनादि से प्राप्त वार्षिक विवरणी प्राप्त करने हेतु https://e-nidhi.bihar.gov.in/EmployeeESS/ बेवसाईट पर जाकर डाउनलोड कर सकते है। उक्त लिंक/साइड पर जाने के उपरान्त अपने–अपने पैन कार्ड/ आधार कार्ड/जी.पी.एफ न0/ प्राण न0 में से किसी एक के माध्यम से आपके Registered मोबाइल नम्बर पर ओ0पी0टी0 जायेगा । तत्पश्चात ओ0पी0डी0 डालने के उपरान्त होम पेज खुल जायेगा। खुलने के उपरान्त Annual Statement पर जाये, तो वार्षिक विवरणी खुल जायेगा उसे डाउनलोड कर विवरणी देख सकते हैं । किसी भी तकनीकी परेशानी होने पर श्री पवन कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर से सम्पर्क स्थापित करेगें । साथ ही तैयार वेतन एवं आयकर की गणना का तालिका विवरणी लेखा शाखा से मिलान कर सकते हैं ।

ह0/–
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर।

ज्ञापांकः–138/22/   मुजफ्फरपुर, दिनांकः 26/02/22/

प्रतिलिपिः– सभी विभागाध्यक्ष, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित करते हुए कहना है कि उक्त आशय की सूचना आप अपने अधिनस्त पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत करा दें ।

प्रतिलिपिः– प्रभारी प्राध्यापक प्रशासन/ईस्टेट ऑफिर/पुस्तकालय सचिव, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– बरसर/लेखापाल, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– कॉलेज बेवसाईड पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

26/2/22
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
26/2/22 मुजफ्फरपुर।